वो सांवरा खाटू वाला है श्याम भजन लिरिक्स

बिगड़ी को बनाने वाला है,
हारे को जिताने वाला है,
वो सांवरा खाटू वाला है,
वो सांवरा खाटु वाला है।bd।

राजाओं का है राजा,
तू इसकी शरण में आजा,
भूखा है ये भावों का,
थोड़ा सा प्रेम दिखा जा,
किस्मत का खोले ताला ये,
सारे जग का रखवाला है,
वो सांवरा खाटु वाला है।bd।

करता लिले की सवारी,
संग मोरछड़ी है प्यारी,
सर पे इसको फिराता,
रक्षा करता है हमारी,
संकट को हरने वाला है,
झोली को भरने वाला है,
वो सांवरा खाटु वाला है।bd।

झूठी ना इसकी कहानी,
ये सबसे बड़ा है दानी,
मेरे श्याम ने जबसे जाना,
सारे जग ने पहचाना,
दुनिया को नचाने वाला है,
उजड़े को सजाने वाला है,
Bhajan Diary Lyrics,
वो सांवरा खाटु वाला है।bd।

बिगड़ी को बनाने वाला है,
हारे को जिताने वाला है,
वो सांवरा खाटू वाला है,
वो सांवरा खाटु वाला है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com